an>

Title: Need to constitute an Integrated Central Coordination Authority for expeditious disposal of various developmental projects in Delhi.

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष जी, मेरे क्षेत्र के विकास के कई कार्य अभी गतिशील हैं। पिछले 6 महीनों में मैंने पूर्वी दिल्ली क्षेत्र की कई सारी अटकी हुई परियोजनाओं को सुगम बनाया है। अन्तर्विभागीय समन्वय के अभाव में पूरी दिल्ली तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रही है। दस-पन्द्रह साल पहले जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ था, वे अब मेरे प्रयासों से शरू हो रही हैं। देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार के बीच दिल्ली का दायित्व भी कुछ अनोखे ढंग से बंटा हुआ है जिसका दुष्परिणाम दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली की जनता की उपरोक्त परेशानियों को देखते हुए दिल्ली में "एकल केन्द्रीय समन्वय प्राधिकरण" बनाए जाने के लिए अविलम्ब आवश्यक कदम उठाए जाएं।